an>

title: Need to provide funds sanctioned under Vidarbha Intensive Development Programme.

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) ः मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि विदर्भ की सुखाड़ एवं किसानों में बढ़ती आत्महत्या को देखते हुए वर्ष 2012 में केंद्र सरकार ने विदर्भ सघन विकास कार्यक्रम हेतु 3250 करोड़ रूपए मंजूर किए थे, जिसमें विदर्भ के आम नागरिक एवं किसानों की समस्याओं के समाधान एवं आत्महत्या को रोकने के लिए सिंचाई, आवास, ऋण, पथ व्यवसाय तथा बेरोज़गारी को रोकने के लिए कार्यक्रम शामिल थे किंतु इस योजना के तहत 2017 तक के लिए मात्र 900 करोड़ रूपए जारी किया गया है एवं कार्य भी धीमा है तथा जन-जन तक इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। जिसके कारण आज भी किसान आत्महत्या कर रहे हैं तथा सुखाड़ की स्थिति और भी दयनीय हो गई है।

अतः आग्रह है कि इस विदर्भ सघन विकास कार्यक्रम के लिए दिए गए 3250 करोड़ रूपए की धनराशि का उपयोग करते हुए विदर्भ के सभी 11 जिलों में कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता है एवं आत्महत्या को रोकने के लिए किसानों को जागरूक करना चाहिए। साथ ही साथ जीविकोपार्जन की योजना को विदर्भ में अधिक से अधिक चलाने की जरूरत है।